पत्रांक–3 / CG–21 / 2023–

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण (नियोजन), बिहार, पटना।

प्रेषक,

**संजु रानी**
अवर सचिव
निदेशालय नियोजन (मु०)
बिहार, पटना।

सेवा में,

**निदेशक,**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग
बिहार, पटना।

पटना–01, दिनांक–

**विषय– श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में निदेशालय नियोजन के अंतर्गत संचालित कैरियर सूचना केन्द्र (CIC) योजना को रंगीन विज्ञापन प्रकाशन के संबंध मे।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विज्ञापन की मूल प्रति की सी०डी० संलग्न करते हुए निदेशानुसार अनुरोध है कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में निदेशालय नियोजन के अंतर्गत संचालित कैरियर सूचना केन्द्र (CIC) योजना को रंगीन विज्ञापन में राज्य के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह०/
(संजू रानी)
अवर सचिव (नियोजन)
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–3 / CG–21 / 2023–612 पटना–01, दिनांक– 18/6/2025

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ।

2. सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ।
3. श्री धनश्याम रविदास, श्रम अधीक्षक (निर्माण श्रमिक)–सह– विभागीय नोडल पदाधिकारी, e-advertisement Portal को आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
4. आई0टी0 मैनेजर, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब पोर्टल पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

10.06.2025
अवर सचिव (नियोजन)
बिहार, पटना।

D:\WORK\Sanjay Sir JSA\LETTER_2024.Docx 97

# बिहार सरकार
## श्रम संसाधन विभाग

# निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण (नियोजन)

# करियर सूचना केन्द्र (CIC)

1. राज्य के सभी नियोजनालयों में करियर सूचना केन्द्र (CIC) का संचालन किया जा रहा है।

2. राज्य के पाँच विश्वविद्यालय- पटना विश्वविद्यालय, पटना, मगध विश्वविद्यालय, गयाजी, तिलका माँझी विश्वविद्यालय, भागलपुर, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में करियर सूचना केन्द्र (CIC) का संचालन किया जा रहा है।

3. करियर सूचना केन्द्रों में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए उपयोगी पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएँ एवं समाचार पत्र निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इस केन्द्र में अभ्यर्थी बैठकर उपलब्ध पुस्तक/पत्र-पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों का अध्ययन करते हैं।

4. करियर सूचना केन्द्रों में डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है, जिसमें कम्प्यूटर के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा के लिए उपलब्ध डिजिटल सामग्री ऑनलाईन अध्ययन करने की सुविधा है।



**अधिक जानकारी हेतु अपने संबंधित नियोजनालय से संपर्क करें।**

**Toll free No- 1800 296 5656**